कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

प्रकरण संख्या 35/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री भजन कुमार पुत्र श्री औमप्रकाश जाति जाट निवासी वार्ड नं. 09 ढाणी, चक 14 एच.एम.एच., कोहला तहसील व जिला हनुमानगढ।

——अपीलार्थी

बनाम

उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ़।

——प्रत्यर्थी

आदेश — दिनांकः—25.07.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ़ के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार अपीलार्थी द्वारा उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ़ से आवेदन पत्र दिनांक 09.04.2019 द्वारा सूचना चाही गई। सूचना नही मिलने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ़ से पत्रांक 752 दिनांक 24.07.2019 द्वारा प्राप्त जबाव का अवलोकन करने से इनके द्वारा अपीलार्थी को पत्र कमांक 730 दिनांक 19.07.2019 से वांछित सूचना के संबंध मे सूचना दिया जाना पाया गया। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी की इस अपील में ओर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षों को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

Web Copy - Not Official